Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 13-12-2005

Participants :

>

Title : Reported murder/suicide of a student during ragging at Dr. B.R.Ambedkar School, Jalandhar, Punjab.

*m01

श्री संतोा गंगवार (बरेली) : मैं विद्यालयों में रैगिंग की समस्या से सम्बन्धित समस्या पहले भी यहां उठा चुका हूं और आज फिर उठाना चाहता हूं और सरकार से कहना चाहता हूं कि वह इस तरफ प्रभावी कदम उठाए। मेरे क्षेत्र के एक हवलदार त्रिवेणी सहाय के बेटे ने जालंधर में डा. भीम राव अम्बेडकर इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी में दाखिला लिया था। जुलाई में, जब से उसे प्रवेश मिला है, नए छात्रों के साथ वहां रैगिंग हो रही थी, जिसका जिक्र उसने अपने पिता को घर पर किया। उसके पिता ने कहा कि सहन कर लो, मामला ठीक हो जाएगा। लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हुआ और अक्तूबर माह में उस लड़के ने अपना सुइसाइड नोट लिखकर आत्महत्या कर ली। जब उसके पिता वहां पता करने गए तो न प्रशासन ने और न ही पुलिस ने उनकी कोई मदद की और न ही इस सम्बन्ध में कोई कार्रवाई की।

सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि उनके लड़के ने आत्महत्या की, इसकी जांच हो। दूसरी बात यह है कि वहां के विद्यालय के प्रशासन ने और पुलिस ने सहयोग नहीं किया, वह चिंता का विाय है, उस पर भी ध्यान देकर सरकार प्रभावी कदम उठाए, जिससे भविय में ऐसी घटनाएं न घटित हों।